भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2521
दिनांक 06 अगस्त, 2024 के लिए प्रश्न

दूध का मूल्य

2521. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान दूध के मूल्य का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार देश में कुपोषण और कम वजन वाली महिलाओं और बच्चों के लिए दूध पर राजसहायता देने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) और (ख) पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी), भारत सरकार देश में दूध और दूध उत्पादों की खरीद और बिक्री मूल्यों को विनियमित नहीं करता है और न ही कोई सब्सिडी देता है। मूल्यों का निर्धारण सहकारी और निजी डेरियों द्वारा उनकी उत्पादन लागत और बाजार शक्तियों के आधार पर किया जाता है। डीएएचडी नियमित आधार पर स्थिति की निगरानी करने के लिए देश में दूध की स्थिति की समीक्षा करता है। वित्तीय वर्ष 2018-19 से वर्ष 2023-24 के लिए औसत दूध बिक्री मूल्य निम्नानुसार है:

वर्ष	औसत बिक्री मूल्य प्रति लीटर में					
	वर्ष 2018-19	वर्ष 2019-20	वर्ष 2020-21	वर्ष 2021-22	वर्ष 2022-23	वर्ष 2023-24
टोंड मिल्क	38.99	39.81	44.75	45.64	48.69	51.83
स्रोत: दुग्ध परिसंघों/यूनियनों से प्राप्त मासिक दूध स्थिति रिपोर्ट						

(ग) और (घ) उपर्युक्त (क) एवं (ख) के आलोक में प्रश्न नहीं उठता।

*****